प्रेस विज्ञप्ति

आचार्य महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति

सरदारशहर 331 401

Email : terapanthpr@gmail.com * Fax : 01564-220 233

जैन विद्या परीक्षाओं की तिथि घोषित

देश-विदेश के 233 केन्द्रों पर होगी परीक्षाएं

सरदारशहर 27 जून, 2010

जैन विश्व भारती लाडनूं के शिक्षा विभाग समण संस्कृति संकाय द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं की तिथि घोषित की गई। संस्थान के अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण को निवेदित परिपत्र में बताया गया कि देश-विदेश के 233 केन्द्रों पर आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं का आयोजन 13, 14 नवम्बर को किया जायेगा। प्रतिवर्ष आयोजित जैन विद्या परीक्षाओं में 11 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त होते हैं। संकाय में संचालन समिति ने स्पष्ट तौर पर विद्यार्थियों एवं केन्द्र व्यवस्थाओं को सूचित किया है कि आवदन करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर (लेट फीस सहित)के बाद फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। परिपत्र में इन परीक्षाओं के कोर्ष में हुए बदलाव का भी उल्लेख किया गया है। इन परीक्षाओं के प्रथम चार वर्षिय पाठ्य पुस्तकों की कुछ बदलाव के साथ प्रकाशित किया गया है। अन्य पाठ्यपुस्तकों में भी आमूल-चूल परिवर्तन किया गया है। इसके साथ ही इस परिपत्र में इन परीक्षाओं से जुड़े सभी कार्यकर्त्ताओं को नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई है।

अब विज्ञ उपाधि मिलनी हुइ कठिन

जैन विश्व भारती के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जैन विद्या परीक्षाओं के 9 वर्षीय कोर्ष को पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विज्ञ उपाधि मिलना अब कठिन हो गया है। अब विद्यार्थी को 9वें वर्ष में कठिन पाठ्य पुस्तक जैन दर्शन मनन और मीमांसा के अध्ययन के साथ उत्तीर्ण होने के लिए 50 प्रतिशत अंक लाने होंगे। इस सन्दर्भ में संचालन समिति के एक सदस्य से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि विद्यार्थी के अध्ययन की गहराई को बढ़ाने के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। इससे जैन दर्शन के विद्यार्थियों में गुणवत्ता का विकास होगा।

शीतल बरड़िया

(मीडिया संयोजक)